करले चिन्तन छोड़ दे चिंता

करले चिंतन, छोड़ दे चिंता, बाबोसा के हाथ मे,
बनके पिता वो, तेरी चिंता हरगे, बैठे है तेरे साथ मे - 2
करले चिंतन.....

चिंता ही बनती चिता, करले जरा विचार,
हर मुश्किल तेरी हल होगी, बाबोसा के द्वार,
तू मन को मोड़ले, ये रिस्ता जोड़ले,
बदल जाएगी ये किस्मत, तेरी बस एक ही रात में,
करले चिंतन.....

बाबोसा के रूप में, मिले हमे बाईसा,
प्यार लुटाती भक्तो पर, हरपल हमेशा,
ये प्रेम की है गागर, करुणा की सागर,
ये ममता की मूरत है, जो रहती सदा ही साथ मे,
करले चिंतन.....

निर्बल को बल देते है, बाबोसा भगवान,
धनहीन को धन देते है, दंपति को संतान,
हाथों को जोड़कर, तू इनका ध्यान धर,
"दिलबर" खुल जाये किस्मत, बस दर्शन करने से,
करले चिंतन.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29521/title/karle-chintan-chorh-de-chinta

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |